हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 136 | हल्द्वानी (नैनीताल) सोमवार 30 मार्च 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## रामनगर पहुंचे भारत सरकार के लघु उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी से रामनगर क्षेत्र के औद्योगिक विकास की मांग उठाई

रामनगर।(संवाददाता)। भारत सरकार के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी कॉर्बेट पार्क के भ्रमण पर पहुंचे। उनके रामनगर प्रवास की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने स्वागत करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा।



उन्होंने सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि मांग पत्र में उत्तराखण्ड प्रदेश में उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए केन्द्र सरकार डैडम्ᐩ उद्योगों के विकास हेतु विशेष पैकेज, रामनगर में कलस्टर विकास योजना के तहत फल पट्टी क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग क्लस्टरश्, तराई भाबर में लकडी की उपलब्धता के कारण वुड प्रोसेसिंग क्लस्टर , पर्यटन आधारित क्लस्टर हैण्डीक्राफ्ट निर्माण,स्थानीय युवा बेरोजगारों के लिए ब्लज्डैम् का विस्तार करते हुए ब्वससंजमतंस थ्तमम स्वंद उपलब्ध कराने हेतु विशेष छूट प्रदान करने, रामनगर में उपलब्ध औद्योगिक भूमि पर डैडम् प्दकनेजतपंस ।तमं/उपदप-प्दकनेजतपंस म्ेजंजम विकसित करते हुए छोटे उद्योगों हेतु भूखण्ड, अवस्थापना सुविधा, स्टार्ट अप यूनिट के लिए शेड आदि उपलब्ध कराने, रामनगर में पर्यावरण अनुकूल लघु उद्योग लगाने हेतु सिंगल विण्डो सिस्टम से युवा बेरोजगारों को अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही रामनगर स्थित ईएसटीसी कानिया में ।प् (कृत्रिम मेघा) तथा सेमी कण्डकटर आधारित आधुनिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने आदि के विषय रखे।

## खटीमा में नौ को सैन्य कैंटीन एवं मिलन केंद्र का उद्घाटन होगा

रुद्रपुर (संवाददाता)। उत्तराखंड पूर्व सैनिक संघ, ऊधमसिंह नगर की कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक शनिवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 9 अप्रैल को खटीमा में नवनिर्मित सैन्य कैंटीन एवं सैनिक मिलन केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। साथ ही सैन्य पदक विजेताओं को मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा लागू किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी पीसी कोठारी ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ब्लॉक पदाधिकारियों से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी (सेनि.) ने की। इस दौरान महासचिव सूबेदार मेजर त्रिलोक सिंह नेगी, पीओ गिरधर सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन बीएस नेगी, उपाध्यक्ष कैप्टन जगमोहन सिंह नेगी, गदरपुर अध्यक्ष कैप्टन धन सिंह कोरंगा, बाजपुर अध्यक्ष कैप्टन नारायण दत्त जोशी, शांतिपुरी अध्यक्ष सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा, सितारगंज के कार्यवाहक अध्यक्ष कैप्टन दीवान सिंह धामी, हवलदार भगत सिंह (गूलरभोज), सूबेदार मेजर धन सिंह सामंत, नायक भूपेंद्र सिंह खोलिया, लेफ्टिनेंट प्रकाश चंद जोशी एवं नायक मेहता (सभी सेवानिवृत्त) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर की हड़ताल जारी ब्लॉक प्रमुख के दिया अपना पूर्ण समर्थन



रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के आव्हान पर 27 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी हड़ताल के छठे दिन भी विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर अपना कार्य छोड़कर हड़ताल पर डटे रहे। ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी, कनिष्ठ प्रमुख रामनगर संजय नेगी एवं उनके समर्थकों द्वारा 27 सूत्री मांगो को लेकर जारी हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया गया।प्रांतीय नेतृत्व की ओर से प्रांतीय सचिव राजेंद्र गिरी द्वारा सभी डिप्लोमा इंजीनियर उसको संबोधित करते हुए कहा की शासन प्रशासन के साथ लगातार वार्ता करने के बाद भी जब हमारी मांगे नहीं मानी जा रही थी।जिसके फलस्वरुप हमें अपने अंतिम निर्णय के रूप में हड़ताल पर जाने को विवश होना पड़ा।अब जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हम हड़ताल जारी रखेंगे।हड़ताल कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर प्रमोद कुमार द्वारा की गई एवं संचालन शाखा सचिव इंजीनियर वासिफ द्वारा किया गया।

## मंत्री राम सिंह कैड़ा का भीमताल विधानसभा के रामगढ़ में हुआ भव्य स्वागत, विकास कार्यो को तेज करने का दिलाया भरोसा

भीमताल (संवाददाता)। उत्तराखंड के शहरी विकास और जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार,अपनी विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ ब्लॉक में पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं जनता ने उनका बाइक रैली निकालकर भव्य व जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगे। विकास कार्यो को तेज करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। रामगढ़ ब्लॉक के श्यामखेत, गागर, मल्ला रामगढ़, तल्ला रामगढ़, लोस्ज्ञानी, नथुवाखान, ओड़ाखान, दाडीमा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी,के पदाधिकारीयो व स्थानीय जनता ने भव्य स्वागत कार्यक्रम किया गया। कार्यकर्ताओं व जनता द्वारा ढोल नगाडे से कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैडा का भव्य स्वागत किया गया।कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए, नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया, मंत्री ने कहा चूक भवाली खंड को सुगम में रखा है जिस कारण वहा कर्मचारी नहीं आ पा रहे है उसे दुर्गम श्रेणी में करने की घोषणा की जल्दी ही उसका जियो जारी कराया जायेगा! साथ ही अपनी भीमताल विधानसभा के समस्त मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया!जिनकी बदौलत दौबारा विधानसभा में निर्वाचित होकर आज उन्हें प्रदेश मंत्रिमण्डल में



कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि पार्टी द्वारा उनपर जताये गये विश्वास पर खरा उतरने का व भरसक प्रयास करेगे साथ ही मोदी सरकार धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेगे। उन्होने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। कैड़ा ने कहा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हो इस दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जायेगा! इस दौरान मंडल अध्यक्ष अंकित जिला मंत्री कुंदन चिलवल, जिला पंचायत सदस्य ज्योति आर्या, विनोद पाण्डेय, नंदन कोरगा, हरीश शर्मा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, दीवान महरा, कमलेश बिष्ट प्रधान, क्षेत्रपंचायत सदस्य आदि लोग मौजूद रहे!

# सम्पादकीय

## चुप रहना आत्म-सम्मान को तिलांजलि देना

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन पर भरोसा करना कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा रहता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा।भारत (एवं कुछ अन्य देशों) के खिलाफ अपने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत जांच फिर शुरू करने का अमेरिका का फैसला सीधे तौर पर उस विश्वास पर चोट है, जिसके आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता चल रही है। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन पहले ही व्यापार के सभी मान्य कायदों को तोड़ चुका है। उसने एकतरफा टैरिफ युद्ध छेड़ कर भारत जैसे देशों पर दबाव बनाया। साफ है, उस कारण शुरू हुई व्यापार वार्ता में जो सहमतियां बनीं, वह उस पर भी कायम नहीं है। चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को संकुचित कर दिया, तो अब ट्रंप ने विभिन्न देशों को घेरने का नया हथकंडा अपनाया है।भारत सहित 60 देशों के खिलाफ उसने यह जांच शुरू की है कि क्या उन देशों से अमेरिका में होने वाले उत्पादों को तैयार करने में जबरिया मजदूरी का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही कुछ क्षेत्र में कथित ओवर कैपिसिटी और अति उत्पादन जैसी संभावनाओं की जांच भी शुरू की गई है। अपने कानून के तहत अपने अधिकारियों द्वारा की गई जांच में जिन देशों को दोषी पाया जाएगा, ट्रंप प्रशासन उन पर टैरिफ या प्रतिबंध लगा सकेगा। आर्थिक शब्दावली में ऐसे कदमों को गैर-व्यापार रुकावटें माना जाता है। मुक्त व्यापार के दौर में एकतरफा ढंग से डाली गई ऐसी रुकावटों का कोई तर्क नहीं हो सकता।दरअसल, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का रुख ऐसा है कि उसकी जुबान पर भरोसा करना लगातार कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा किया जा सकता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय सहमति, समझौते और व्यवहार में जो चीज सबसे अहम होती है, वह विश्वसनीयता ही है। इसलिए उचित होगा कि भारत अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से बाहर निकल आए। या वार्ता जारी रखने के लिए कम-से-कम 301 जांच को खत्म करने की शर्त लगाए। भारत पहले ही अत्यधिक रियायतें दे चुका है। अब चुप रहना आत्म-सम्मान को तिलांजलि देना होगा।

# मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत

हरिशंकर व्यास

बिहार से नीतीश कुमार की विदाई सिर्फ एक व्यक्ति की राजनीति का अंत नहीं है। न ही एक पार्टी की राजनीति के कमजोर होने का संकेत है। यह मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत है। एक एक करके वैसे भी मंडल की राजनीति करने वाले नेता राजनीतिक परिदृश्य से लुप्त हैं। मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और रामविलास पासवान का निधन हो गया है, जबकि लालू प्रसाद यादव चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। अब वे सक्रिय राजनीति करने में भी शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। मंडल राजनीति की आखिरी बड़े नेता नीतीश कुमार हैं, जिनका रिटायरमेंट प्लान भाजपा ने तैयार कर दिया है। सोचें, जिस नीतीश कुमार ने जीवन भर मुख्यमंत्री बने रहने की राजनीति की और तमाम किस्म के गठबंधन बदल दिए उनको कहना पघ्ड़ा है कि वे एक बार राज्यसभा जाकर देखना चाहते थे। ध्यान रहे नीतीश ने कई बार सहयोगी बदले। गठबंधन की पार्टियां बदलीं लेकिन मुख्यमंत्री बने रहे। करीब 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद अब वे राज्यसभा जा रहे हैं।नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना या मुख्यमंत्री पद छोड़ना अपने आप में मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम नहीं है। असली बात यह है कि उनके हाथ से बिहार की कमान निकल रही है। बिहार की राजनीति अब पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के हाथ में जा रही है। भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा और बिहार की राजनीति लगभग पूरी तरह से दो ध्रुवीय हो जाएगी। नीतीश की पार्टी रहेगी लेकिन वह भाजपा पर निर्भर होगी। दूसरी ओर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद होगा, जिसके साथ कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों का गठबंधन है। सो, मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम के साथ साथ कह सकते हैं कि बिहार में बहुध्रुवीय राजनीति अब ज्यादा केंद्रीकृत होगी। भाजपा के मजबूत होने और राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने से उसके साथ वाली बाकी पार्टियों की हैसियत कमजोर होगी, चाहे वह पार्टी चिराग पासवान की हो या उपेंद्र कुशवाहा की या जीतन राम मांझी की हो।तह सकते है कि आखिर नरेंद्र मोदी की सरकार भी चारों तरफ आरक्षण बढ़ा रही है, अलग अलग क्षेत्रों में नए आरक्षण दे रही है, जाति जनगणना कराने जा रही है, उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के नाम पर सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली यूजीसी की नियमावली जारी करती है तो फिर कैसे यह राजनीति मंडल से अलग है? यह मंडल से इसलिए अलग है क्योंकि यह कांग्रेस और दूसरी प्रादेशिक पार्टियों की राजनीति की प्रतिक्रिया है और दूसरे इसमें अंतर्निहित तत्व कमंडल यानी धर्म की राजनीति का है। भाजपा का मकसद किसी न किसी रूप में पैन इंडिया हिंदू यूनिटी बनाने की है। पूरे भारत में हिंदू एकता बनाने के लिए भाजपा को जहां जो दांव चलना होता है वह चलती है। कहीं ईडब्लुएस का आरक्षण देकर अगड़ी जातियों को खुश करती है तो कहीं यूजीसी की नियमावली से पिछड़ी जातियों को संदेश देती है। यह एक अलग विश्लेषण का विषय है।भाजपा बिहार में और पूरे देश में मंडल की राजनीति को कमंडल से रिप्लेस करना चाहती है। इसके लिए उसने धीरे धीरे मंडल और कमंडल को मिलाना शुरू कर दिया। मोदी ने यह माहौल बनाया कि कमंडल ही मंडल है। व्यापक हिंदू पहचान पर जोर दिया गया और यह स्थापित करने का प्रयास किया गया कि धर्मध्वजा उठाए हुए व्यक्ति की जाति क्या है यह महत्वपूर्ण नहीं है। वह कोई भी हो सकता है। असम से लेकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र तक भाजपा ने बड़े राज्यों में सवर्ण मुख्यमंत्री बनाए हैं। लेकिन सोशल मीडिया में सवर्ण इकोसिस्टम के लोग आक्रामक तरीके से सरकार पर हमला कर रहे हैं और यूजीसी के नियमों के हवाले से केंद्र की मोदी सरकार को अगड़ा विरोधी बता रहे हैं। यह भी अंततः मोदी के लिए फायदे वाला ही साबित होगा। क्योंकि यूजीसी की नियमावली सिर्फ नैरेटिव बनाने के लिए लाई गई थी। सरकार का काम सवर्ण लोग सोशल मीडिया में कर रहे हैं। इसे लेकर नरेंद्र मोदी और धर्मेंद्र प्रधान पर जितना हमला हो रहा है, पिछड़ी और दलित जातियों का उतना ही ध्रुवीकरण उनके पक्ष में हो रहा है।बहरहाल, जाति और खास कर पिछड़ी जातियों की गोलबंदी के साथ साथ मंडल की राजनीति का एक बुनियादी तत्व यह है कि उसके नेता सेकुलर प्रैक्टिस करते हैं। उनकी राजनीति में मुस्लिम को अलग थलग करने की प्रवृत्ति नहीं रहती है। बिहार में लालू प्रसाद की तरह ही नीतीश कुमार भी पिछड़ी जातियों को एकजुट करते रहे और साथ ही मुस्लिम समाज की पिछड़ी जातियों को, जिनको पसमांदा कहते हैं उन्हें भी जोड़ा। मंडल राजनीति का दूसरा तत्व यह है कि उसमें पिछड़ी जातियों का प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों तरह से वर्चस्व होता है। तीसरी बात यह है कि उन्हें एकजुट करने के लिए धर्म की गोंद नहीं चाहिए, बल्कि सत्ता संरचना में हिस्सेदारी चाहिए। नीतीश की विदाई से बिहार में पिछड़ी जातियों के प्रत्यक्ष व परोक्ष वर्चस्व समाप्त होगा, सत्ता संरचना में हिस्सेदारी कम होगी और धर्म की गोंद का इस्तेमाल एकजुटता के लिए किया जाएगा।

# सत्ता बदलने के लक्ष्य से हमला

अजीत द्विवेदी

पुरानी कहावत है कि श्चुनाव से पहले, युद्ध के दौरान और शिकार के बाद सबसे ज्यादा झूठ बोले जाते हैं। सो, ईरान में युद्ध चल रहा है और झूठ की चौतरफा बौछार हो रही है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि युद्ध अमेरिका ने शुरू नहीं किया लेकिन इसे खत्म अमेरिका करेगा। हालांकि सारी दुनिया ने देखा कि अमेरिका और इजराइल ने दिन दहाड़े हमले की शुरुआत की और एक संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता को मार डाला। दूसरी ओर अमेरिका से ही एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि पेंटागन ने कांग्रेस की समिति के सामने कहा है कि उनके पास कोई खुफिया सूचना नहीं थी कि ईरान हमला करने जा रहा है। इसका अर्थ है कि कांग्रेस के सामने पेंटागन की ओर से कुछ और कहा जा रहा है और पेंटागन के प्रमुख मीडिया के सामने कुछ और कह रहे हैं!

इसी तरह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अभी तो हमला शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी सबसे बड़ा हमला करेगा और उधर पेंटागन से खबर है कि वहां के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से लेकर तमाम रक्षा जानकार इस बात की चिंता में हैं कि अमेरिका के मिसाइल और हथियारों का भंडार तेजी से खत्म होता जा रहा है। अमेरिकी रक्षा क्षेत्र में यह चिंता इसलिए है क्योंकि जितनी तेजी से मिसाइल और दूसरे हथियार खर्च हो रहे हैं उतनी तेजी से उन्हें बनाया नहीं जा सकता है। इस चिंता का एक पहलू यह भी है कि अगर युद्ध का कोई नया मोर्चा खुला या उत्तर कोरिया और चीन की ओर से कुछ हुआ, जिसका जवाब अमेरिका को देना पड़े तो क्या होगा? लेकिन ट्रंप सबसे बड़े हमले की बात कर रहे हैं।ऐसे ही राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जरुरत पड़ी तो वे अमेरिकी सेना को ईरान की जमीन पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि वे पिछले राष्ट्रपतियों की तरह नहीं हैं, जिन्होंने हमेशा जमीनी सेना उतारने से इनकार किया। ट्रंप ने यह ऐसी बात कही है, जिस पर किसी को यकीन नहीं होगा। ईरान में जमीनी सैनिक उतारना अमेरिका के लिए बहुत मुश्किल वाला फैसला होगा। इसका कारण यह है कि ईरान में उसके पास कोई जमीनी सपोर्ट सिस्टम नहीं है। दूसरे, ईरान के पास 11 लाख से ज्यादा की संख्या वाली बहुत व्यवस्थित सेना है, जिसमें दो लाख आईआरजीसी के प्रशिक्षित कमांडो जैसे सैनिक हैं। तीसरे, ईरान नौ करोड़ से ज्यादा आबादी वाला देश है। चौथे, उसकी भोगोलिक सीमाएं बहुत विशाल हैं।

वह इजराइल से 70 गुना बड़े क्षेत्रफल वाला देश है। पांचवें, ईरान में लंबी लंबी पहाड़ों की शृंखलाएं हैं और दुर्गम क्षेत्र बहुत बड़ा है। सोचें, गाजा जैसे छोटे से इलाके में दो साल से युद्ध चल रहा है, जिसमें 70 हजार लोग मारे गए हैं फिर भी इजराइल जीत नहीं पाया है, जबकि गाजा एक ऐसा जमीन का टुकड़ा है, जो इजराइल और मेडिटेरेनियन समुद्र के बीच दबा हुआ है। जब वहां दो साल से लड़ाई खत्म नहीं हो रही है तो ईरान जैसे विशाल और बड़ी आबादी वाले देश में कैसे अमेरिका जमीन पर सैनिक उतारेगा? सो, ऐसा लग रहा है कि यह झूठ भी ईरान की फौज को डराने और लोगों को बगावत के लिए उकसाने के मकसद से बोला गया है।

बहरहाल, यह इतिहास का संभवतः पहला युद्ध होगा, जो वार्ता विफल होने की वजह से नहीं, बल्कि वार्ता सफल होने की वजह से लड़ा जा रहा है। ईरान और अमेरिका की वार्ता में मध्यस्थता कर रहे ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमाद अल बुसैदी ने 28 फरवरी को कहा कि दोनों देशों के बीच वार्ता अंतिम दौर में है और समझौते का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान यह गारंटी देने को तैयार हो गया है कि वह कभी भी परमाणु बम नहीं बनाएगा। साथ ही वह इस बात के लिए भी तैयार हो गया है कि इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी यानी आईएईए की टीम उसके परमाणु ठिकानों का दौरा करके जांच कर ले।

# मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में आपदा प्रभावित74 परिवारों को 93 लाख की सहायता राशि के चेक वितरित

देहरादून(संवाददाता)।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी विध ानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छमरौली ग्राम पंचायत स्थित नागराजा मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए 74 उद्यमी परिवारों को छ93 लाख से अधिक की सहायता राशि के चेक वितरित किए। यह सहायता ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना के तहत प्रदान की गई, जिसमें ग्राम पंचायत फुलेत, छमरौली, सरोना, सिल्ला, सिम्यारी, शेरकी, सरखेत आदि प्रभावित गांवों के परिवारों को लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आपदा के बाद केवल राहत देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावित



परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में यह सहायता राशि लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करेगी और उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने में सहायक सिद्ध होगी। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिलाओं के आजीविका संवर्धन और उन्हें आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में लागातार प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, श्याम लाल, धनश्याम नेगी, दीपक भट्ट, कविता, श्याम सिंह पयाल, रमेश नौटियाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बंद रिजर्वेशन काउंटर एक हफ्ते में हुआ फिर से खुला

ऋषिकेश(संवाददाता)। शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। पुराने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर बंद पड़ा रिजर्वेशन काउंटर अब पुन: संचालित हो गया है। यह सफलता स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम मानी जा रही है। रविवार को भाजपा ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने बताया कि बीते कुछ दिन पूर्व उन्होंने कार्यकर्ताओं संग ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें पुराने रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर बंद किए जाने पर विरोध जताया गया था और बंद किए गए आरक्षण काउंटर पुन: खोले जाने की मांग की गई थी। जिसको लेकर रेलवे प्रशासन ने महज एक हफ्ते में कार्यवाही कर दी है और आरक्षण काउंटर को पुन: शुरू कर दिया है। उन्होंने इतनी शीघ्र समाधान के लिए रेलवे विभाग की सराहना की।

संक्षिप्त समाचार...

## लंबित मामलों का शीघ्र करें निस्तारण: एसपी देहात

रुड़की(संवाददाता)। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल एवं सीओ रुड़की नताशा सिंह ने कलियर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रविवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मालखाना, शस्त्रागार, हवालात एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मालखाने में रखे सामान के सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। एसपी देहात संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने, सत्यापन अभियान को तेज करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं, सीओ रुड़की नताशा सिंह ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन बनाए रखने और कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार लाने की हिदायत दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार, एसएसआई सुनील पंत, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, एसआई विनोद गोला, उपेंद्र सिंह, विशाखा राठौर, एएसआई राम अवतार, हेड कांस्टेबल कुमाल तोमर आदि मौजूद रहे।

## दलहन बढ़ावा योजना शुरू, बीज भंडार केंद्रों पर पहुंचा उड़द बीज

रुड़की(संवाददाता)। कृषि विभाग की दलहन प्रोत्साहन योजना अब धरातल पर उतरने लगी है। किसानों को निशुल्क वितरित किए जाने वाला उड़द का बीज भंडार केंद्रों पर पहुंच चुका है। सोमवार से जिले की सभी न्याय पंचायतों में बीज वितरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभागीय अधि कारियों के अनुसार, इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित बीज भंडार केंद्र पर पहुंचकर आवेदन करना होगा। इसके बाद अधिकारी किसान की जमीन का मौके पर सत्यापन करेंगे। फिर उन्हें मुफ्त उड़द का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किसानों को खाली जमीन (जहां बुवाई की जानी है) दिखानी होगी।अधिकारी मौके पर जाकर जांच करेंगे कि बीज का उपयोग सही तरीके से हो रहा है या नहीं। सहायक कृषि अधिकारी मलिक ने बताया कि दलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक योजना का लाभ उठाने और उड़द की बुवाई कर उत्पादन बढ़ाने की अपील की है।

## काव्य गोष्ठी में नारी सशक्तीकरण पर दिया जोर

रुड़की(संवाददाता)। महिला काव्य मंच की रुड़की इकाई की ओर से शनिवार को मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शीर्षक 'रुक नहीं सकती हूं मैं' रहा। इसमें नारी सशक्तीकरण और संवेदनशील अभिव्यक्ति की भावना को मुखर किया गया। कार्यक्रम में ममता चंद्रा, बुशरा तबस्सुम, रीना अनेजा, अनुपमा गुप्ता, अनुपमा शर्मा, शाहिदा शेख, शालिनी जोशी, कविता गोयल, बीना सिंह, मृणालिनी शर्मा, निधि जैन, अलका घनशाला और इकाई अध्यक्ष अर्चना त्यागी आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

# साइबर ठगों को बैंक खाते बेचने वाले गैंग का खुलासा

देहरादून(संवाददाता)। एसटीएफ और साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक खाते बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आम लोगों के नाम पर बैंक खाते खोलकर उन्हें साइबर ठगों को बेचते में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इन खातों के जरिए देशभर में लाखों रुपये की साइबर ठगी की रकम का लेनदेन हुआ। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि एएसपी कुश मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को हरिद्वार में कार्रवाई की गई। इस दौरान रवि उम्र 31 पुत्र अशोक कुमार निवासी नवोदयनगर कालोनी रोशनाबाद मूल निवासी नवल सुरजपुर थाना किठोड, मेरठ, राजन चौधरी उम्र 35 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश हाल निवासी प्रेमपुरी मोटामहादेव नजीबाबाद रोड थाना नजीबादबाद मूल निवासी कृपाल आश्रम शिवालिकनगर थाना सिडकुल, हरिद्वार और विनीत राणा उम्र 25 वर्ष पुत्र धीर सिंह निवासी मथाना, दाबकी कला थाना खानपुर, हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये आरोपी आम लोगों को झांसे में लेकर उनके नाम पर फर्जी कंपनी या फर्म तैयार करते। फिर उस कंपनी या फर्म के नाम पर बैंकों में कॉर्पोरेट या करंट अकाउंट खुलवाते। इन खातों की पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड रोडवेज बसों या अन्य माध्यमों से दिल्ली में बैठे साइबर अपराधियों तक पहुंचाए जाते थे। आरोपियों के पास से एक कार, पांच मोबाइल फोन, 10 डेबिट कार्ड, तीन पासबुक, तीन चेकबुक, पांच पेन कार्ड, तीन आधार कार्ड और अलग-अलग फर्मों की पांच फर्जी मुहर बरामद हुई हैं। आरोपियों के खिलाफ साइबर थाना देहरादून में रविवार को अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया।---म्यूल एकाउंट कहलाते हैं ऐसे खातेगरीब लोगों को लालच देकर उनके नाम पर कंपनी बनाकर जो बैंक खाते खोलकर साइबर ठगों को बेचे जाते हैं, उन्हें म्यूल एकाउंट कहते हैं। एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि इनका उपयोग साइबर अपराधी रकम जमा कराने के लिए करते हैं। इसमें असली खाताधारक को भनक भी नहीं होती कि उसके खाते से लाखों की ठगी का लेनदेन हो रहा है। जब पुलिस जांच करती है, तो असली ठग छिप जाते हैं और फंदा निर्दोष खाताधारक के गले में पड़ता है।

## बिहार के फरार सात हत्यारोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

देहरादून(संवाददाता)। प्रेमनगर क्षेत्र के केहरी गांव में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र दिव्यांशु जटराना की हत्या में फरार सात आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। सातों का पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी हासिल कर लिया है। यह सभी आरोपी मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। हाल में देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। बीते 23 मार्च की रात प्रेमनगर के केहरी गांव में हाईवे किनारे यूआईटी के बिहार और यूपी छात्रों के बीच चल रही वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था। इस दौरान लाठी-डंडों और फावड़े से हुए हमले में मूलरूप से जिला मुजफ्फरनगर निवासी दिव्यांशु की हत्या हो गई। मामले में हत्या की धाराओं की केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज पाई है। जबकि, मुकदमे 15 नामजद और अन्य अज्ञात शामिल हैं। इनमें सात आरोपियों की अहम भूमिका मानते हुए पुलिस ने इनका कोर्ट से गैर जमानती वारंट हासिल किया। इसके बाद एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने 25-25 हजार रुपये हा इनाम घोषित किया है।अन्य नामजद और अज्ञात की भूमिका रडार परइस वारदात में कुल 15 आरोपियों को नामजद किया गया था। कुछ अन्य अज्ञात लोग भी शामिल थे। पुलिस एफआईआर में नामजद चार अन्य आरोपियों जेल भेजा गया है। सात पर इनाम घोषित हुआ है। अन्य बचे चार नामजद की भूमिका की जांच करने के साथ ही अज्ञात आरोपियों की भी पहचान की जा रही है।

### 35 उपभोक्ताओं की बिल संबंधित समस्या दूर की

ऋषिकेश(संवाददाता)। जल संस्थान की ओर से हनुमान चौक स्थित कार्यालय में रविवार को बिल त्रुटि सुधार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतीतनगर और खांड गांव के कुल 35 उपभोक्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपभोक्ताओं ने पानी के बिलों में गड़बड़ियों से जुड़ी शिकायतें विभागीय अधिकारियों के सामने रखीं, जिनका मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में लगभग आधी धनराशि तक की कटौती की गई, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल संस्थान द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली।

# वन पंचायत को मजबूत करने के लिए तैयार की योजना

चमोली(संवाददाता)। विकासखंड ज्योतिर्मठ के पेंग गांव में वन पंचायत को मजबूत बनाने के लिए पंचवर्षीय योजना तैयार की गई। ग्रामीणों की ओर से इसके लिए कई सुझाव दिए गए। जल जंगल जमीन के संरक्षण के लिए पेंग गांव में नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क और जनदेश संगठन कल्प क्षेत्र की ओर से संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें पंचवर्षीय सूक्ष्म नियोजन तैयार करने पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने प्लान तैयार किया। इसमें क्षेत्र में जल संरक्षण,



सघन वन तैयार करने, वन पंचायतों के पारीस्थितिकी तंत्र को ठीक करने, छोटी-छोटी परियोजनाएं बनाने के प्रस्ताव रखे गए। साथ ही नमी संरक्षण के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया गया।वन पंचायत सरपंच राकेश राणा ने कहा कि वन पंचायत में सघन पौधरोपण, वनाग्नि सुरक्षा के साथ वन्य जीवों से फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जनदेश के रघुवीर सिंह चौहान ने लोगों को प्रशिक्षित करने और वन पंचायत की नियमित बैठकें आयोजित करने पर जोर दिया। जनदेश के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी ने कहा कि ग्रामीण संसाधन विकसित करने की जरूरत है। कहा कि प्रकृति के संरक्षण के साथ मानव संसाधन का विकास भी जरूरी है। ट्रैकिंग रूटों पर होमस्टे, नर्सरी विकास, चारा विकास योजनाओं को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। इस दौरान शुभम कुमार, आयुष राणा, देवेंद्र बड़वाल, मोहन सिंह, कुश राणा, जमन सिंह, नंदन सिंह, बलवंत सिंह, नौमा देवी, लीला देवी, आनंदी देवी, नंदी देवी, विशौधा देवी, राखी देवी, सुनीता देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### बदरीनाथ हाईवेः क्षेत्रपाल में भूस्खलन से मिली मुक्ति, अलकनंदा से लेकर चट्टान तक ट्रीटमेंट संपन्न

चमोली(संवाददाता)। बदरीनाथ हाईवे पर इस बार तीर्थयात्रियों को भूस्खलन एरिया क्षेत्रपाल में हाईवे बाधित होने और हिचकौले खाकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। यहां अब भूस्खलन से मुक्ति मिल जाएगी। एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ढांचागत विकास) की ओर से क्षेत्रपाल में करीब 400 मीटर एरिया में सुधारीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अलकनंदा साइड मलबे का निस्तारण किया गया है, जबकि भूस्खलन वाली चट्टान को लोहे की जाली से बांध दिया गया है। अंतिम चरण में यहां डामरीकरण कार्य होगा। कार्यदायी संस्था की ओर से इसकी तैयारी भी कर ली गई है। बदरीनाथ हाईवे पर पिछले सात साल से ऑलवेदर रोड परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण, सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत कई जगहों पर संकरे और अंधे मोड़ों पर चौड़ीकरण कार्य कर दिया गया है। चारधाम यात्रा के दौरान पिछले पांच साल से क्षेत्रपाल में भूस्खलन परेशानी का सबब बना हुआ था। वर्ष 2022 में यहां भूस्खलन होने से तीन दिनों तक बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा बाधित रही थी। इसके बाद एनएचआईडीसीएल ने इस एरिया के ट्रीटमेंट का खाका तैयार किया। 2024 में इसके ट्रीटमेंट को भारत सरकार की स्वीकृति मिली। तब से यहां सुधारीकरण कार्य चल रहा था। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी का कहना है कि क्षेत्रपाल में सुधारीकरण कार्य कर लिया गया है। यहां चौड़ीकरण के साथ ही चट्टानी भाग को लोहे की जाली से सुरक्षित कर दिया गया है। ढलानों को मजबूत करने और मिट्टी के स्थिरीकरण के लिए रासायनिक तरल स्टेबलाइजर्स का छिड़काव किया गया है। अब यहां यात्रा सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।

### साइबर व नशे से निपटना सबसे बड़ी चुनौती

चमोली(संवाददाता)। जीआईसी माणा घिंघराण में चल रहे पीजी कॉलेज गोपेश्वर के एनएसएस शिविर में पहुंचे एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने स्वंयसेवियों से कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध और नशे से निपटना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि जागरुकता ही इससे बचने का सबसे बेहतर उपाय है। सात दिवसीय विशेष शिविर में एसपी ने कहा कि साइबर ठीगों का नेटवर्क काफी फैलता जा रहा है। एक छोटी से सावधानी उन्हें ऑनलाइन ठगी से बचा सकती है। साइबर ठगी किस तरह से हो रही है, क्या-क्या हथकंडे अपनाए जा रहे हैं इसके बारे में बताते हुए जरूरी सावधानी बरतने की जानकारी दी। कहा कि आज नशा समाज का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है। नशे की लत से दूर रहकर कैसे वे एक उज्जल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं इसपर विस्तार से जानकारी दी।

# आपदा प्रभावित धुर्मा और सेरा गांव में नहीं हुए सुरक्षात्मक कार्य

चमोली(संवाददाता)। आपदा प्रभावित धुर्मा और सेरा गांव में अभी तक सुरक्षात्मक कार्य आरंभ नहीं हो पाए हैं। घरों के सामने आज भी मलबे के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में आपदा प्रभावित फिर से भय के साए में हैं। पिछले साल 17 सितंबर की रात को बादल फटने से मोक्ष नदी और शांरा पाखा नदी उफान पर आ गई थी। इसने धुर्मा व सेरा गांव के करीब 60 परिवार प्रभावित हुए थे। आपदा प्रभावितों का कहना है कि अभी तक नदी किनारे सुरक्षा दीवार के कार्य आरंभ नहीं हुए हैं। आवाजाही के लिए सुरक्षित पुल भी नहीं हैं। बादल फटने से आए मलबे ने नदी का स्तर काफी ऊंचा हो रखा है। घरों के सामने नदी के कटाव से स्थिति काफी खराब हो रखी है। बरसात में यदि नदी का जलस्तर बढ़ता है तो पानी सीधे घरों में घुस जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च माह खत्म होने वाला है, जून के बाद कभी भी बरसात शुरू हो जाएगी। इसको लेकर लोगों में भय की स्थिति बनी हुई है। हालात बिगड़ने कभी भी विगड़ सकते हैं।धुर्मा गांव के ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य कराने को लेकर शासन स्तर पर कई बार मांग की गई। लेकिन अभी तक आपदा प्रभावितों की नहीं सुनी जा रही है। क्षेत्र में नदी पार करने के लिए जो भी पैदल पुल थे वे ध्वस्त हो चुके हैं, ऐसे में बरसात में नदी पार करना ही लोगों के लिए चुनौती बन जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के कार्य आरंभ किए जाएं, ताकि बरसात में किसी भी तरह के नुकसान को रोका जा सके।

### सरकार झूठ बोलकर जनता को छलने का काम रही : गोदियाल

नई टिहरी(संवाददाता)। घनसाली वसंत कौथिग महोत्सव में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार झूठ बोलकर जनता को छलने में लगी है। भाजपा की नीतियों से परेशान होकर उनके नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। आने दिनों में यह लाइन लंबी होगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। जन जागृति लोक संरक्षण समिति व घनसाली शताब्दी वर्ष के पर आयोजित कौथिग महोत्सव में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेले और पहाड़ी संस्कृति का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने लोगों से बच्चों को अपनी बोली-भाषा और संस्कृति के बारे में बताने को कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा को हर क्षेत्र में राजनीति नजर आती है। पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहे, पलायन रोकने में सरकार नाकाम साबित हुई है। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि मेलों के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द कायम होता है। थौल मेले हमारी पहचान है इन्हें मिलकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, ओम गोपाल रावत, मोहन सिंह रावत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, राकेश राणा, विजय गुनसोला, धनीलाल शाह, दिनेश लाल, शंकरपाल सजवाण, जन जागृति समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश भुजवाण, डॉ. नरेन्द्र डंगवाल मौजूद थे। उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने चंबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि ऊर्जा, समर्पण और संघर्षशीलता कार्यकर्ताओं की पहचान होती है। आगामी विधानसभा चुनाव में हर कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरकर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करें। कहा कि कांग्रेस 2027 में प्रदेश की सत्ता में लौट रही है। इस मौके पर नरेंद्र चंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, साहब सिंह सजवाण, सुमना रमोला, बीना नेगी, गीता डबराल, बिजेंद्र नेगी, शिब्बी भंडारी, विजय नेगी, सोबन सिंह नेगी, शक्ति जोशी आदि मौजूद थे।

# रसोई गैस सिलिंडर नहीं मिलने से ग्रामीणों की बढ़ने लगी परेशानी

नई टिहरी(संवाददाता)। थौलधार ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलिंडर नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगलों से सूखे पेड़ और सुखी लकड़ी निशुल्क देने की मांग की उठाई है। ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि थौलधार ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत कई दिनों से रसोई गैस की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। उन्होंने कहा कि नगुण पट्टी के कोटी मेहरूकी, मजखेत, थिरणी, क्यारी, चापड़ा अंधियारी, बगालचक में वन विभाग के जंगलों में काफी संख्या में चीड़ के सूखे पेड़ इधर-उधर गिरे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी दिनों में शादी विवाह के साथ अन्य मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होने है। ऐसे में रसोई गैस न मिलने से ग्रामीणों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। गैस एजेंसी की ओर से अगला सिलिंडर 26 दिन बाद देने का समय दिया गया है। शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्य किस तरह से संपन्न कराएंगे जाएंगे। बताया पूर्व में क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से हक-हकूक के तहत घरों की मरम्मत के लिए वन विभाग से हक हकूक के तहत सूखे पेड़ों की मांग की गई थी लेकिन वह भी नहीं मिल पाई। वन विभाग की ओर से 15 फरवरी से फायर सीजन का हवाला देकर हक-हकूक लकड़ी (रमाना) देने के लिए माना कर दिया। वन दरोगा प्रवीण असवाल ने कहा कि जंगल में गिरे तथा खड़े सूखे पेड़ ग्रामीणों को देने को लेकर को आदेश उन्हें नहीं मिला है। विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद ही ग्रामीणों को लकड़ी और पेड़ों का आवंटन का काम किया जाएगा।

### रसोई गैस का पर्याप्त कोटा परेशान न हों उपभोक्ता : डीएम

**- पूर्ति विभाग को वितरण व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश**

नई टिहरी(संवाददाता)। रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति के बाद भी लोगों की भीड़ जुटने पर डीएम नितिका खंडेलवाल ने जिला पूर्ति अधिकारी को सिलिंडरों की वितरण व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की सप्लाई को लेकर शासनस और गैस एजेंसियों से संपर्क रखें। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी की प्राप्ति और वितरण व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। गैस का पर्याप्त कोटा है, किसी भी उपभोक्ता को परेशान होने की जरूरत नहीं है। गैस वितरण व्यवस्था को सामान्य बनाने के निर्देश पर डीएसओ मनोज डोभाल ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की प्राप्ति और वितरण की स्थिति सामान्य है। विगत दिवस गैस एजेंसियों को कुल 2497 घरेलू सिलिंडर प्राप्त हुए। एजेंसियों द्वारा 2724 घरेलू सिलिंडर का वितरण किया गया। उसके बाद एजेंसियों के पास 4023 सिलेंडर स्टॉक में है। एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और होटलों सहित कुल 414 निरीक्षण किए जा चुके हैं जिनमें 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

# सीएम धामी ने सुना 'मन की बात' का 132वां एपिसोड, जनप्रतिनिधियों संग साझा किए विचार

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के इन्द्रानगर स्थित होटल रॉयल इन पैलेस में आयोजित प्रधानमंत्री जी के ' मन की बात' कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ किया गया एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से दूरस्थ और कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के कोने-कोने में कार्य कर रहे उन लोगों का उल्लेख किया जाता है, जो सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। 'मन की बात' के माध्यम से ऐसे व्यक्तित्वों की कहानियां देशभर के नागरिकों तक पहुंचती हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी



उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री अपने लगभग प्रत्येक कार्यक्रम में उत्तराखंड का विशेष रूप से स्मरण करते हैं। 'मन की बात' के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं भी उत्तराखंड के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं, जिनमें आदि कैलाश और उत्तरकाशी जिले का हर्षिल-मुखवा क्षेत्र प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री के इन दौरों और उनके द्वारा किए गए उल्लेख का सकारात्मक प्रभाव राज्य के पर्यटन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वर्ष में उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक राज्य में शीतकालीन यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। यह संख्या राज्य के पर्यटन क्षेत्र में निरंतर बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष पर्यंत पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक 'ऑल-सीजन टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क में सुधार, आवासीय व्यवस्थाओं का विकास तथा डिजिटल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत

देहरादून(संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के छमरौली स्थित नागराजा मंदिर प्रांगण में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को सुना।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हर एपिसोड में कुछ नया सीखने को मिलता है और यह कार्यक्रम केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और आमजन को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच है।

## धामी सरकार की पहल, प्रदेश भर में सरकारी आवासों के पुनर्निर्माण और नए निर्माण की योजना तेज

- सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे बेहतर घर, जर्जर आवासों की जगह बनेंगे आधुनिक क्वार्टर

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मुख्यसचिव आनंद बर्धन के दिशा-निर्देश पर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की व्यापक योजना पर काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को बेहतर आवास उपलब्ध कराना है, बल्कि सरकारी आवासीय परिसंपत्तियों का व्यवस्थित रखरखाव और विस्तार सुनिश्चित करना भी है। राज्य संपत्ति विभाग के अनुसार लंबे समय से कई सरकारी आवास जर्जर हो चुके हैं, जिससे कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरकार अब ऐसे आवासों की पहचान कर उन्हें मरम्मत और पुनर्निर्माण के माध्यम से बेहतर बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है।जर्जर आवासों की पहचान, नए निर्माण की तैयारी: सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद जर्जर सरकारी आवासों का सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। जिन भवनों की स्थिति बेहद खराब है, उन्हें या तो पुनर्निर्मित किया जाएगा या फिर उनकी जगह नए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जहां भी विभागीय या सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इन आवासों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सके। सरकार का मानना है कि बेहतर आवास मिलने से कर्मचारियों का कार्य परिवेश भी बेहतर होगा और वे अधिक दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार...

### भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी हैं प्रासंगिकः मुख्यमंत्री

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महावीर जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महावीर जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शान्ति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम एवं आत्मसंयम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दी गई शिक्षा हमारे समाज में नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली है। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

### जैन धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

देहरादून(संवाददाता)। जनता पाइल्स क्लिनिक की ओर से रविवार को जैन धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बवासीर, फिशर और भगंदर जैसी बीमारियों से ग्रसित लगभग 250 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान मरीजों के 8000 रुपये तक के जरूरी टेस्ट मुफ्त किए गए। विशेषज्ञों ने मरीजों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए उचित परामर्श दिया।

### मित्रा फाउंडेशन के शिविर में 46 यूनिट रक्तदान

देहरादून(संवाददाता)। मित्रा फाउंडेशन सोसायटी की ओर से रविवार को गुरु नानक वेडिंग पॉइंट में रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 47 लोगों ने रक्तदान किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच कर उन्हें जरूरी दवाइयां भी वितरित की गईं। मुख्य अतिथि विदुषी निशंक और विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री खजान दास व पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा ने शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य बैठक आयोजित

रामनगर (संवाददाता)। कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुनने एवं उनके समस्याओं को दूर करने के लिए कार्बेट के सभी रेंजों में माह के अन्तिम शनिवार को प्रभाग दिवस आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।कार्बेट टाइगर रिजर्व बिजरानी रेंज द्वारा गौजानी चौकी वन परिसर में प्रभाग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रभाग दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनमानस और वन विभाग के मध्य समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाना होता है। बैठक में बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को प्रभाग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बैठक के उददेश्यों से अवगत कराते हुये बताया गया कि प्रभाग दिवस कार्यक्रम वन विभाग एवं स्थानीय जन मानस के मध्य संवाद स्थापित करने का एक साधन है, जिसमें कि वन क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामवासी पहुँचकर अपनी समस्यायें रख सकते है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचरियों द्वारा उनका मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाता है।ग्राम चोरपानी, गौजानी एवं कानिया के ग्रामवासियों द्वारा जलौनी लकड़ी एवं चारे के लिए वनों पर निर्भरता के सम्बन्ध में अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को उक्त समस्याओं के निराकरण किये जाने के लिए नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।जन प्रतिनिधियों द्वारा बिजरानी रेंज कार्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा चोरपानी, गौजानी, कानियों एवं हिम्मतपुर डोटियाल क्षेत्र में की गयी चेनलिंक फैन्सिंग के कार्य की सराहना की और अवगत कराया गया कि उक्त चेनलिंक फैन्सिंग के लगने से वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने के प्रकरणों में काफी कमी आयी है और फसल क्षति के प्रकरण भी काफी कम घटित हो रहे है।रेंजर द्वारा वन क्षेत्रों के निवासरत ग्रामीणों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों के आस-पास कूड़ा न जलाये, क्योंकि कूड़े से उत्पन्न आग के वनों में फैलने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वनाग्नि काल में वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वनाग्नि की कोई भी घटना घटित होने पर स्थानीय वन चौकी पर सूचित करने हेतु अनुरोध किया गया।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# ईद मिलन समारोह कौमी एकता के नाम विधायक व अन्य को कौमी एकता सम्मान पत्र से नवाजा गया

रामनगर (संवाददता)। ईद मिलन समारोह-एक शाम कौमी एकता के नाम कार्यक्रम मे विधायक सहित कई राजनीतिज्ञो को कौमी एकता अर्वाड से नवाजा गया। भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र खाती की अध्यक्षता व आयोजक व आढ़ती एसो. मंडी समिति के अध्यक्ष अजीजुर्रहमान आढ़ती के संचालन मे मौहल्ला गुलरघट्टी स्थित आशियाना कालोनी मे गतरात्रि समपन्न हुये कार्यक्रम मे विधायक दीवान सिंह बिष्ट को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि इन्दर रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भगीरथलाल चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष इंतजार हुसैन, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रहे भाजपा नेता मौ. आदिल सैफी, भाजपा किसान मोर्चे के जिला महामंत्री व देवभूमि व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष विपिन कांडपाल, भाजपा नेता राकेश नैनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, मंडी समिति सचिव सहिल अहमद, नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट-इंडिया के नगराध्यक्ष डॉ. जफर सैफी का माल्यार्पण करके सभी को कौमी एकता अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने-2 सम्बोधन मे वक्ताओ ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारो के द्वारा अल्पसंख्यको के कल्याण के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुये देश व समाज के विकास व आपसी भाईचारे के लिये आपसी तालमेल व नफरत फेलाने वालो लोगो पर अंकुश लगाये जाने की जरूरत पर जोर देते हुये रामनगर के विकास के लिये इस तरह के आयोजनो को ओर बड़े स्तर पर किये जाने व आपसी सद्भावना के लिये एकजुट होकर रहने की बात कही गयी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे, हुनर कमेटी के सदस्य व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला सचिव दानिश सिद्दीकी एडवाकेट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नगराध्यक्ष फईम कुरैशी, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष जैनुल खान, सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल, हाजी सालिम पाशा, हाजी अकरम ट्रॉस्पोंटर, हाजी जाकिर हुसैन, हाजी अहमद रजा फल वाले, फैजान रजा आढती सब्जी वाले, मौ. रजा आढ फल वाले, हाजी रिजवान अंसारी, हबीब खान, मंजू खान, आदिल खान, हाजी जुल्फिकार कुरैशी, फरीद कुरैशी, रिजवान कुरैशी, परवेज खान, लईक अहमद, इरशाद हुसैन, इकराम सिद्दीकी, राजीव कुमार, बाबूराम, अब्बास, धर्मेन्द्र, गोहर अली, सहित बड़ी संख्या मे आशियाना कालोनी के निवासीगण मौजूद रहे।



# अथरबनी में फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य जांच, एमबीबीएस छात्रों ने लिया फीडबैक

अल्मोड़ा (संवाददाता)। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से ग्रामसभा अथरबनी में



फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य जांच और फीडबैक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एमबीबीएस विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर चंद्र प्रकाश भैसोड़ा और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मसरूफ हसन के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसके तहत एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2025 के विद्यार्थियों ने पूर्व में गोद लिए गए परिवारों का सर्वे कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति, स्वच्छता और आवश्यकताओं का आकलन किया। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा तीन परिवारों को गोद लेकर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरत के अनुसार भविष्य में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। ग्राम प्रधान विनोद जोशी ने इस पहल को सार्थक बताते हुए कहा कि इससे एक ओर छात्रों का ग्रामीण परिवारों से जुड़ाव बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिल सकेगी। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन में ग्राम प्रधान विनोद जोशी का विशेष सहयोग रहा।

# कांग्रेस के आरोप निराधार, विकास कार्यों पर दे ध्यान: विनीत बिष्ट

अल्मोड़ा (संवाददाता)। विधायक मनोज तिवारी की प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कांग्रेस पर निराधार और तथ्यहीन आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भावनात्मक भाषणों के बजाय जनता अब धरातल पर हो रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता देती है। विनीत बिष्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। इसके साथ ही स्वरोजगार योजनाओं, स्टार्टअप नीति, होमस्टे योजना और कृषि आधारित अनुदान कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि श्लखपति दीदीश योजना के जरिए महिला स्वयं सहायता समूहों की आय में वृद्धि कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विधायक मनोज तिवारी से अपने 15 वर्षों के राजनीतिक कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यदि इस अवधि में कोई उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है तो उसकी तथ्यात्मक जानकारी दी जानी चाहिए। केवल बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन को जनसेवा का प्रमाण नहीं माना जा सकता। नगर अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सरकार ने रिकॉर्ड बजट स्वीकृत कर कार्यों को गति दी है। पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सकों की तैनाती, सड़कों के पुनर्निर्माण और विद्यालयों के आधुनिकीकरण के कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासश के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। विपक्ष यदि रचनात्मक सुझाव देता है तो उसका स्वागत है, लेकिन निराधार आरोपों से जनता भ्रमित नहीं होगी।

# बुजुर्ग महिला की मौत के बाद हड़कंप मच गया

उधम सिंह नगर (संवाददाता)। /नानकमत्ता में एक पुलिस दबिश के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने बड़ी कार्रवाई की है।जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए 4 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। दरअसल, यह पूरा मामला 28 मार्च का है। कोतवाली नानकमत्ता पुलिस की एक टीम पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त कुलदीप सिंह उर्फ बंटी की गिरफ्तारी के लिए ग्राम 'सिद्धा नवदिया' पहुंची थी।दबिश के दौरान वहां एक बुजुर्ग महिला पहुंची, जिसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर गई। आनन-फानन में पुलिस और परिजनों द्वारा महिला को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की ओर से बुजुर्ग को धक्का-मुक्की में चोट आई। जिस वजह से उनकी मृत्यु हो गई।घटना के बाद इलाके में तनाव और मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊधमसिंहनगर एसएसपी ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए दबिश टीम में शामिल 4 पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है



# ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई

अल्मोड़ा (संवाददाता)। / देघाट से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। रविवार को यहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चिन्तोली (देघाट) के पास रविवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक संतुलन खो बैठी और खाई में जा गिरी। उस समय वाहन में चार लोग सवार थे। घटना की सूचना ग्राम प्रहरी चंदन सिंह ने तुरंत देघाट थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मलबे में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देघाट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक मात्र 24 वर्ष के थे, जिससे गांव में मातम का माहौल है। मृतकों में दर्शन सिंह (24 वर्ष), पुत्र छोदाण सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली और चन्दन सिंह (24 वर्ष), पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली शामिल हैं। वहीं, गोपाल सिंह (24 वर्ष), पुत्र गब्बर सिंह और नरेन्द्र सिंह (18 वर्ष), पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली गंभीर रूप से घायल हैं।डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक दीवान सिंह बिष्ट और पार्टी संगठन की पहल पर एक बैठक

रामनगर (संवाददाता)। खाड़ी में युद्ध की परिस्थितियों के बीच रसोई गैस को लेकर उत्पन्न समस्या को देखते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय में विधायक दीवान सिंह बिष्ट और पार्टी संगठन की पहल पर एक बैठक हुईजिसमें अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने भागेदारी की। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने रामनगर में गैस सिलेंडर की उपलब्धता और बैकलॉग, होम डिलिवरी सुनिश्चित करवाने, उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद जल्दी गैस उपलब्ध करवाने, कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाने को लेकर निर्देश दिए गए। इस दौरान विधायक दिवान सिंह बिष्ट,पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र तिवारी, गैस मैनेजर दीपक आर्य, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,पूर्व नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, भरत तिवारी आदि मौजूद रहें।



हिन्दी दैनिक जोखिम

## मोना सिंह की सीरीज मां का सम का ट्रेलर जारी, दिल छू लेगा मां-बेटे का रिश्ता



मां का सम नई सीरीज का ट्रेलर आज कुछ ही देर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। मां का सम सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।मां का सम के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है। अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉमयह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है।मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है। एएनआई के अनुसार, मोना ने अपने किरदार के बारे में कहा, विनीता का किरदार उन सब से बहुत अलग है, जो मैंने पहले किए हैं। इसमें सिंगल मां और बेटे के बीच दोस्ती, भरोसा और प्यार दिखाया गया है। मुझे यह बहुत अच्छा लगा कि विनीता खुद को कमजोर होने देती है, फिर से प्यार ढूंढती है और अपने बेटे के अनोखे नजरिए पर भरोसा करती हैइसके साथ ही मोना सिंह ने फैंस से गुजारिश की और कहा, यह सीरीज ह्यूमर और इमोशन का खूबसूरत मिश्रण है।

## साड़ी में छाई आलिया भट्ट, सादगी ने बढ़ाई एक्ट्रेस की खूबसूरती, तस्वीरों से नहीं हटा पाएंगे नजर

आलिया भट्ट अपने हर लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में अब एक्ट्रेस ने साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। आलिया अपने लुक से ज्यादा फैंस के बीच सादगी और सिंपल मेकअप को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस के देसी और स्टाइलिश अंदाज से नजरें हटा पाना किसी के लिए भी मुश्किल होगा।

प्रियंका कपाड़िया द्वारा स्टाइल किया गया आलिया भट्ट का यह एलिगेंट और मॉडर्न लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने उनकी पोस्ट पर तारीफों की झड़ी लगा दी। हालांकि, इस बार उनका सॉफ्ट, एलिगेंट और मिनिमल मेकअप सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यूजर्स उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे और उनकी तुलना स्वर्ग की अप्सरा से कर रहे हैं।

चेन्नई के इवेंट के लिए आलिया ने जैडन लेबल की एक फ्रेश सेज ग्रीन साड़ी पहनी, जिसे सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया था। ऑर्गेंजा की इस साड़ी की हल्की कढ़ाई ने इसे और भी ज्यादा खूबसूरत बना दिया, जिस पर हरे रंग के बड़े-बड़े फूलों वाली कढ़ाई और पतला बॉर्डर है। इस साड़ी में आलिया भट्ट की सादगी देख आप भी उनके फैन हो जाएंगे।

आलिया भट्ट की साड़ी को क्लासिक अंदाज में स्टाइल किया गया है, जिसमें परफेक्ट प्लेट्स और खूबसूरत सा लहराता हुआ पल्लू उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस ने इस ड्रेप के साथ मैचिंग रंग का स्लीवलेस सिल्क ब्लाउज पहना था, लेकिन जिस चीज ने इस आउटफिट को सचमुच खास बना दिया, वह थी उनकी ज्वेलरी।

आलिया ने मोक्ष का एक बेहद खूबसूरत कुंदन चोकर चुना, जिसमें



कीमती रत्न और हीरे जड़े थे। इसी वजह से उनका लुक शाही लग रहा है। सोने की इयररिंग और बाकी एक्सेसरीज ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए, जहां एक तरफ साड़ी की खूबसूरती निखरकर सामने आई तो वहीं दूसरी तरफ इन एक्सेसरीज ने भी उनकी सुंदरता बढ़ा दिया।

आलिया भट्ट का मेकअप उनके सिग्नेचर स्टाइल के हिसाब से बहुत ही अच्छा लग रहा था। आंखों और होठों पर हल्के गुलाबी रंग के शेड्स, हाइलाइटर का हल्का सा टच और न्यूड लिप्स उनके लुक के अनुसार एक दम परफेक्ट लग रहा है, जो उनके लुक को और ग्रेसफुल बनाता है। वहीं, इस लुक को पूरा करने के लिए आलिया ने अपने बालों को बीच से पार्टिंग करके हल्के वेव्स में खुला रखा। ऐसे में फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनकी पोस्ट पर तारीफों की बाढ़ आ गई।

आलिया भट्ट का 2026 का वर्क फ्रंट बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स से भरा हुआ है। वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं, जो 10 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में अपने पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल के साथ दिखाई देने वाली हैं।

## रणबीर कपूर बनेंगे राम, हनुमान जयंती पर जारी होगा रामायण का पहला लुक, मेकर्स ने की बड़ी घोषणा

भारतीय सिनेमा की प्रतीक्षित फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने राम नवमी के पावन अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रशंसकों को खुशखबरी दी है. उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म में भगवान राम की मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता रणबीर कपूर का पहला लुक 2 अप्रैल, 2026 को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर दुनिया के सामने पेश किया जाएगा. नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद खास पोस्ट साझा की. उन्होंने प्रशंसकों के धैर्य और अटूट विश्वास के लिए उनका आभार व्यक्त किया. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, शुभ राम नवमी. आपके विश्वास और धैर्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन, हम मिलकर पहला कदम उठाएंगे. रामायण – नामित मल्होत्रा द्वारा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फिल्म दिवाली 2026 और 2027 में वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.निर्माता ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि रामायण केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी और भक्ति का विषय है. उन्होंने लिखा कि यह कहानी हम सभी की है और उनकी पूरी टीम इसे पूरी शुद्धता, श्रद्धा और भव्यता के साथ पर्दे पर उतारने के लिए पिछले कई सालों से मेहनत कर रही है. 2 अप्रैल को होने वाला रामा का लुक लॉन्च एक बड़े वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा होगा, जिसमें फिल्म की भव्यता की पहली झलक दिखाई जाएगी.नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सितारों का जमावड़ा लगा है. रणबीर कपूर जहां भगवान राम के रूप में नजर आएंगे, वहीं दक्षिण भारतीय अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं. कन्नड़ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के शक्तिशाली किरदार में दिखेंगे. इसके अलावा, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में जान फूंकेंगे.इस फिल्म का एक और सबसे बड़ा आकर्षण इसका संगीत है. पहली बार दुनिया के दो महान संगीतकार हॉलीवुड के हंस जिमर और भारत के ए.आर. रहमानख्एक साथ मिलकर इस महागाथा की धुनें तैयार कर रहे हैं.

## दुनियाभर में धुरंधर 2 का भौकाल, 8वें दिन 11 सौ करोड़ के हुई पार, शाहरुख खान के 3 साल पुराने रिकॉर्ड की उड़ा दी धज्जियां

रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित फिल्म श्धुरंधर 2 देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर एक जबरदस्त तूफान बन गई है, जो रुकने का नाम नहीं ले रही और टिकट खिड़की पर खतरनाक कलेक्शन कर रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड परफॉर्मेंस की बात करें तो ये स्पाई थ्रिलर फिल्म दुनियाभर में न सिर्फ 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज बॉलीवुड फिल्म बन गई है, बल्कि इसने शाहरुख खान की फिल्म पठान के लाइफटाइम बिजनेस को भी पीछे छोड़ दिया है. ध रुंधर 2 का क्रेज वर्किंग डेज में भी कम नहीं हुआ है, और दूसरे गुरुवार को भी इसने तगड़ा कलेक्शन कर डाला है. चलिए यहां जानते हैं श्धुरंधर 2 का 8वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है?रणवीर सिंह की श्धुरंधर दुनियाभर में वीकडेज में भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. पहले वीकेंड में शानदार कमाई के बाद, फिल्म रेगुलर वर्किंग डेज में भी ताबड़तोड़ करोड़ों कमा रही है और नए बेंचमार्क सेट कर रही है.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक 19,493 शो से इस फिल्म ने भारत में 49.70 करोड़ की कमाई हुई है, जिससे इसका घरेलू बाजार में कुल ग्रॉस कलेक्शन 805.32 करोड़ हो गया है. भारत से नेट कलेक्शन 674.17 करोड़ है. बुध वार तक के विदेशी कलेक्शन (261.92 करोड़) को इसमें जोड़ने पर, दुनिया भर में कुल कलेक्शन ?1,067.24 करोड़ हो जाता है.

हिन्दी दैनिक जोखिम

# अंकिता हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन

ऋषिकेश(संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर रविवार को एक बार फिर अंकिता न्याय यात्रा संघर्ष मंच ने मोर्चा खोल दिया। मंच के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के आवास का घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की उत्तराखंड में एंट्री बैन करने की मांग की। रविवार को संघर्ष मंच से जुड़े कार्यकर्ता ऋषिकेश के कोयलघाटी में एकत्रित हुए। जहां से जुलूस की शक्ल में वह विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के आवास की ओर बढ़े। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पहले ही विधायक की कॉलोनी के मुख्य गेट को बंद कर दिया था। आवास तक पहुंचने में नाकाम रहने पर प्रदर्शनकारियों ने गेट के बाहर ही प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान मंच के सदस्यों ने अपनी मांगों को दोहराते हुए भाजपा नेतृत्व और स्थानीय विधायक पर तीखे प्रहार किए। मांग की है कि भाजपा नेता दुष्यंत गौतम को उत्तराखंड राज्य में प्रवेश न करने दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने विधायक प्रेमचंद अग्रवाल पर भी कई तरह के गंभीर आरोप लगाए। मंच ने विधायक से इस पूरे मामले में जनता से झूठ बोलने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। मौके पर मोहित डिमरी, संदीप भंडारी, सुरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे।जनता को भ्रमित करने का प्रयास:ताजेंद्रऋषिकेश। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के आवास घेराव को उनके पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी ताजेंदर नेगी ने पूरी तरह से फ्लॉप शो करार दिया है। ताजेंदर नेगी ने बयान जारी करते हुए कहा कि अंकिता न्याय संघर्ष समिति के लोग ऋषिकेश के विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास घेराव की तैयारी काफी समय से की जा रही थी, लेकिन इसके बावजूद 10 से 15 लोग भी इकट्ठा नहीं हो पाए, जिससे स्पष्ट है कि जनता इन मुद्दा विहीन बातों को समझ चुकी है।




## संक्षिप्त समाचार...

### आईएचएम में त्रिशील 2026 का समापन

देहरादून(संवाददाता)। आईएचएम में त्रिशील 2026 का रविवार को समापन हुआ। देवभूमि विश्वविद्यालय के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। आईएचएम देहरादून के प्राचार्य डॉ शिव मोहन ने आतिथ्य शिक्षा व व्यवहार में समकालीन चुनौतियों के समाधान के लिए अकादमिक एवं उद्योग के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### डीआईटी में खेल प्रतियोगिता का समापन

देहरादून(संवाददाता)। डीआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। इसमें देशभर से 111 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो जी रघुरामा और मुख्य अतिथि व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ललित कुमार ने किया। बैडमिंटन में यूपीईएस ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में विजेता खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि संयुक्त निदेशक उत्तराखंड युवा एवं खेल कल्याण विभाग अजय अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्फूर्ति 2026 का समापन यूपीईएस को चौंपियंस ट्रॉफी प्रदान करने के साथ हुआ।

### मसूरी में मौसम ने बदली करवट बारिश के साथ चली सर्द हवाएं

देहरादून(संवाददाता)। रविवार को पर्यटन नगरी मसूरी का मौसम पर्यटकों के लिए खास रहा। सुबह हल्की धूप खिलने के बाद दोपहर में अचानक आसमान में काले बादल छा गए और बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं। मौसम में आए इस बदलाव से ठंडक बढ़ गई और लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे। बारिश के बावजूद माल रोड पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ी रही। सैलानी यहां के खुशनुमा मौसम का आनंद लेते हुए टहलते और खरीदारी करते दिखे। स्थानीय दुकानदारों के लिए भी यह भीड़ राहत लेकर आई। पर्यटकों ने कहा कि मसूरी का मौसम हमेशा अप्रत्याशित रहता है और यही इसकी खूबसूरती है। दिनभर बदलते मौसम ने शहर की रौनक बढ़ा दी और पर्यटक प्राकृतिक नजारे कैमरे में कैद करते रहे। बारिश और ठंडी हवाओं के बीच मसूरी का यह नजारा पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ।

### होटल में डीजे को लेकर बवाल, पांच हिरासत में

हरिद्वार(संवाददाता)। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवालिक नगर स्थित एक होटल में देर रात डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च की रात एक होटल में पार्टी के दौरान कुछ लोग शराब के नशे में डीजे बजाने को लेकर संचालकों से उलझ गए।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से जूझ रहे कारोबारी

ऋषिकेश(संवाददाता)। कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने ऋषिकेश जैसे पर्यटन वाले शहर को घुटनों पर ला दिया है। यहां होटल और रेस्टोरेंट का पूरा सिस्टम गैस पर निर्भर है। सुबह के नाश्ते से लेकर देर रात तक हजारों पर्यटकों के लिए खाना तैयार किया जाता है। बीते कुछ दिनों से ये पूरी व्यवस्था चरमराई हुई है। जिन रेस्टोरेंट और ढाबों के पास पहले से अतिरिक्त सिलेंडर का स्टॉक नहीं था, उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीर्थनगरी में पिछले कई दिनों से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित है। इसका असर तीर्थनगरी ऋषिकेश में भी साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में आई दिक्कतों की वजह से कई जगह कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता कम हो गई है। ऋषिकेश में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालक इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। किचन चलाने के लिए जरूरी गैस समय पर नहीं मिल पाने से कारोबारियों की चिंता बढ़ती जा रही है। ऋषिकेश में कॉमर्शियल सिलेंडरों के कुल कनेक्शन 1790 है। पहले हर दिन दो सौ सिलेंडर की सप्लाई होती थी। लेकिन अब छठें दिन यह सप्लाई हो पा रही है। जिससे दिक्कत बढ़ी है। जबकि ऋषिकेश में घरेलू सिलेंडर वाले 98 हजार उपभोक्ता हैं। पहले हर दिन चार हजार घरेलू सिलेंडर की सप्लाई क्षेत्र की दस एजेंसियों में होती थी, लेकिन अब मात्र दो हजार की सप्लाई ही हो पा रही है। पूर्ति निरीक्षक सुनील देवली का कहना है कि घरेलू सिलेंडर का प्र्याप्त स्टॉक एजेंसियों के पास है। लगातार गैस वितरण हो रहा है। कॉमर्शियल गैस सप्लाई की सप्लाई भी धीरे धीरे सामान्य हो जाएगी। टैंट एवं मंडप व्यापार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवप्रसाद का कहना है कि शादी के साथ चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। जिसमें सिलेंडर की अत्यधिक आवश्यकता बढ़ जाती है। लेकिन जिस तरह से सिलेंडर की समस्या बनी है। इससे दिक्कत बढ़ सकती है। बताया कि उन्होंने प्रशासन को मामले में पत्र भी भेजा है।डीजल भट्टी के लिए लगा रहे दौड़कारोबारियों के अनुसार विभिन्न समारोह में खाना बनाने के लिए डीजल भट्टी का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए कारोबारी जयपुर, बरेली, रामनगर, रुद्रपुर की दौड़ लगा रहे हैं। 35 हजार की भट्टियों में मेहमानों के लिए खाना बनाया जा सकेगा। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन नागपाल का कहना है कि जो बुकिंग ले रखी हैं, उनका ही इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। लोग डीजल भट्टी लेने जा रहे हैं। 27 से 35 हजार रुपये में भट्टियां मिल रही हैं। चारधाम यात्रा के समय बड़ी संख्या में यात्री ऋषिकेश के होटल,आश्रम और धर्मशालाओं में विश्राम करते हैं। ऐसे में सिलेंडर न मिलने से दिक्कत आएगी।

# जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा सुविधा शुरू

ऋषिकेश(संवाददाता)। देहरादून का जौलीग्रांट एयरपोर्ट अब देश के अत्याधुनिक हवाई अड्डों की श्रेणी में शामिल हो गया है। रविवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने राजकोट से वर्चुअल माध्यम से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर श्डिजी यात्राश सुविधा का शुभारंभ किया। इस तकनीक के शुरू होने से यात्रियों को अब कागजी दस्तावेजों और लंबी कतारों के झंझट से छुटकारा मिलेगा। एयरपोर्ट निदेशक भूपेश सीएच नेगी ने बताया कि डिजी यात्रा सुविधा के तहत यात्रियों को केवल अपना चेहरा दिखाना होगा और उन्हें एयरपोर्ट के भीतर सीधी एंट्री मिल जाएगी। प्रक्रिया के अनुसार यात्री अपने फोन पर श्डिजी यात्राश ऐप के माध्यम से बोर्डिंग पास डाउनलोड करेंगे।डिजी यात्रा गेट पर लगे स्कैनर पर बोर्डिंग पास दिखाते ही कैमरा यात्री की लाइव फोटो लेगा। सॉफ्टवेयर द्वारा इस फोटो का मिलान आधार कार्ड के डाटा से किया जाएगा, जिसके बाद गेट स्वत: खुल जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में मैन्युअल पहचान पत्र या टिकट दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय की भारी बचत होगी। यात्रियों की सहायता के लिए गेट पर श्डिजी बडीजश को भी तैनात किया गया है, जो ऐप के उपयोग में लोगों का मार्गदर्शन करेंगे।यात्री सुविधाओं में विस्तारडिजी यात्रा के साथ-साथ एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के अनुभव को सुखद बनाने के लिए कई अन्य सेवाओं की भी शुरुआत की है।

## रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों छेत्रवासी हुए लाभान्वित

देहरादून(संवाददाता)। कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के कमलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार में श्री महाकाल सेवा समिति व सम्पूर्ण समर्पण फाउंडेशन की ओर से रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, इसी के साथ रक्तदान करने वालों में भी काफी उत्साह देखा गया। इसमें श्री महाकाल सेवा समिति के धर्मार्थ औषधालय से डॉक्टर वीरेंद्र मेहरा ने कैंप में आए हुए रोगियों का निशुल्क उपचार किया। शुगर रोगी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, इलेक्ट्रोपेथी मेडिसिन भी निशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर लालचंद शर्मा, जोगिंदर पुंडीर, समिति के अध्यक्ष अनिता शर्मा, रोशन राणा, बालकिशन शर्मा, संजीव गुप्ता, गौरव जैन, आयुष जैन, राहुल माटा, विक्रम चौधरी, विनय प्रजापति, हिमांशु कोटनाला, प्रशांत कुमार, कृतिका राणा ,अनुष्का राणा, वनिता घर, अनुराग गौड़, वसुंधरा, विशेष भारद्वाज, देवाशीष कौशिक, रघुनंदन शर्मा, स्नेह भारद्वाज, अभय उनियाल, दलीप शर्मा, सोनल जसूजा और क्षेत्रीय पार्षद रेणु देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ब्राह्मण संगठनों को एकजुट करने के लिए संयुक्त मंच का गठन

देहरादून(संवाददाता)। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं निरंजनी अखाड़े के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज के संरक्षण में ब्राह्मण समाज की एकजुटता और हितों की रक्षा के लिए ब्राह्मण समाज संयुक्त मंच की नींव रखी गई है। परेड ग्राउंड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रथम चरण की बैठक में दून के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने शिरकत कर इस दिशा में गहन मंथन किया।महंत रविंद्र पुरी के अधिकृत प्रतिनिधि अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि मंच का मुख्य उद्देश्य समाज के विरुद्ध हो रहे द्वेषपूर्ण कार्यों को रोकना और ब्राह्मणों का संरक्षण करना है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक – राजेश पंत
फोन नं0– 05946–254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com